नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

प्रधान कार्यालय– 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर – 474011
फोन : 0751-2371603, 4923201 I e-mail : nsbho@nsbgwalior.com; website : www.nsbgwalior.com

विज्ञप्ति क्रमांक/स्थापना/2023-24/45/596 ग्वालियर, दिनांक : 21-12-2023

आवश्यकता है

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर में नीचे दिये पदों की पूर्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन फार्म बैंक कार्यालय प्रधान कार्यालय– 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर म.प्र. में उपलब्ध है। जो निर्धारित शुल्क रुपये 100/– अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन फार्म दिनांक 03 जनवरी 2024 बुधवार, को सायं 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय– 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर में पूर्ण रूप से विधिवत जानकारी भरकर कार्यालयीन समय में जमा हेतु स्वयं द्वारा अथवा डाक से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। बैंक द्वारा जारी किये गये आवेदन फॉर्म ही मान्य किये जावेंगे।

सं. क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	वेतनमान एवं अनुमानित मासिक परिलब्धियां
(1)	शाखा प्रबंधक (प्रबंधक II)	02 (दो) सामान्य वर्ग	1– शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक आवश्यक। 2– किसी बैंक में प्रबंधक पद का दो वर्ष का अनुभव आवश्यक। 3– किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर ज्ञान बाबत् डिप्लोमा आवश्यक।	9300-34800 तथा ग्रेड पे 3600 (7th Pay Level-9) कुल प्रारंभिक परिलब्धियां लगभग रुपये 36200/- प्रतिमाह

नियम व शर्तें :

(1) उपरोक्त पद में बी.कॉम./एम.कॉम./एम.सी.ए./एम.बी.ए./सी.ए./सी.एस./आई.सी.डब्ल्यू.ए. सहकारी प्रशिक्षण में डिप्लोमा को प्राथमिकता दी जावेगी।

(2) उपरोक्त रिक्त पद की भर्ती हेतु आयु दिनांक 01 जनवरी 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन के नियमों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

(3) निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। डाक में विलम्ब के लिए बैंक का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

(4) शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना होगी।

(5) म.प्र. नागरिक सहकारी बैंक कर्मचारी सेवा नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अन्य नियम व शर्तों की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया पश्चात परीवीक्षा अवधि पर नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

(6) अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

महाप्रबंधक
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, ग्वालियर